# आकाशवाणी मध्यप्रदेश

## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 13.05.2026 समय : 07.10PM

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साझा किया रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का लेख, आधुनिक स्टेशनों से पंजाब में खुल रहे तरक्की के नए दरवाजे ।
- प्रधानमंत्री की अपील पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बड़ा कदम, काफिले में गाड़ियां 13 से घटाकर 8 कीं, मंत्रियों को भी निर्देश ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जारी की लाड़ली बहना की 36वीं किश्त, सवा करोड़ बहनों के खातों में पहुंचे 1835 करोड़ रुपए ।
- किसानों को बड़ी राहत, खरीफ 2026-27 के लिए 14 फसलों का MSP बढ़ा, 2 लाख 60 हजार करोड़ का होगा भुगतान ।

### पीएम- पंजाब लेख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का एक लेख साझा किया है। इस लेख में पंजाब में आधुनिक रेलवे स्टेशनों और बेहतर रेल नेटवर्क से हो रहे विकास का जिक्र किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव पंजाब के लोगों के लिए तरक्की के नए दरवाजे खोल रहा है और क्षेत्र में अनेक नए अवसर लेकर आ रहा है।

### पीएम अपील- काफिला छोटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के भीतर दौरों में अपने काफिले का साइज काफी कम कर दिया है और अधिकारियों को बिना नई खरीद के इलेक्ट्रिक वाहन शामिल करने के निर्देश दिए हैं। पश्चिम एशिया संकट के बीच आयातित ईंधन पर निर्भरता घटाने की उनकी अपील पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या 13 से घटाकर 8 कर दी है। डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों व अधिकारियों को भी कम वाहन इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं।

### लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी से लाड़ली बहना योजना की 36वीं किश्त जारी की। डॉ. यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के बैंक खातों

में सिंगल क्लिक से 1 हजार 835 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। जून 2023 में शुरू हुई इस योजना में अब तक कुल 55 हजार 926 करोड़ रुपए से अधिक की राशि सीधे महिलाओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से जमा की जा चुकी है।

नीट मामला

महाराष्ट्र में पुणे पुलिस ने नीट पेपरलीक मामले में एक महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया कि बिबवेवाड़ी इलाके से गिरफ्तार इस महिला को प्रारंभिक पूछताछ के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई को सौंप दिया गया है। मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए, नीट यूजी-2026 परीक्षा इस महीने की तीन तारीख को हुई थी। पेपरलीक के आरोपों के कारण इसे कल रद्द कर दिया गया था। सरकार ने सीबीआई को अनियमितताओं की व्यापक जांच करने के निर्देश दिये हैं।

पीएम मोदी 5 देशों की यात्रा पर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 20 मई के बीच यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यात्रा की शुरुआत यूएई से होगी, जहां वे राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से मिलेंगे। नॉर्वे में वे तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह 43 साल में किसी भारतीय पीएम की पहली नॉर्वे यात्रा होगी। इस पूरे दौरे में व्यापार, रक्षा, तकनीक और ऊर्जा सहयोग पर अहम बातचीत होगी।

फसलों पर एमएसपी- अश्विनी वैष्णव

केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2026-27 के लिए 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। इस सीजन में किसानों को करीब 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। सबसे अधिक 622 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी सूर्यमुखी बीज के लिए हुई है। सरकार इस सीजन में 824 लाख मीट्रिक टन से अधिक फसल खरीदेगी।

अश्विनी वैष्णव

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने 37 हजार 500 करोड़ रुपए की कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण संवर्द्धन योजना को भी मंजूरी दी है। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि यह योजना भारत के कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण कार्यक्रम को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सीबीएसई रिजल्ट

सीबीएसई ने आज 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया है। देशभर में 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है। प्रदेश के भोपाल रीजन का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से 5.77 प्रतिशत कम रहा और यहां केवल 79.43 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। तिरुवनंतपुरम रीजन 95.62 प्रतिशत के साथ देश में सबसे आगे रहा है। विद्यार्थी सीबीएसई की वेबसाइट, डिजीलॉकर या उमंग ऐप के जरिए अपना परिणाम देख सकते हैं।

## डिजिलॉकर और छात्रों के दस्तावेज

भोपाल में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने एक कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय छात्रों की मार्कशीट और डिग्री डिजिलॉकर में अपलोड करें। साथ ही हर छात्र को स्वयं पोर्टल पर रजिस्टर कराया जाए। इससे देश के बेहतरीन शिक्षकों से ऑनलाइन पढ़ाई का मौका मिलेगा। मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए शिक्षा में तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है।

## किचन निर्माण में देरी पर मंत्री गौर सख्त

राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने विभागीय समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि 31 मई तक छात्रावासों में किचन नहीं बने तो सीधी कार्रवाई होगी। 15 मई से 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना' शुरू होगी, जिसमें 4000 ओबीसी युवाओं को सेना और पुलिस भर्ती के लिए मुफ्त ट्रेनिंग मिलेगी। दिल्ली में पढ़ रहे ओबीसी छात्रों को 10 हजार रुपए महीना सहायता योजना का भी व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू

सरकारी काम में नवाचार और बेहतर जनसेवा के लिए राज्य शासन ने "मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2026" के आवेदन मांगे हैं। यह पुरस्कार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाएगा। कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे और हर पुरस्कार में एक लाख रुपए की राशि मिलेगी। 15 जुलाई 2026 तक awards.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

संक्षिप्त समाचार

- मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 14 मई को ग्वालियर के विभिन्न इलाकों में "संपर्क अभियान 2026" के तहत विशेष शिविर लगाएगी।
- आईपीएल में अब से कुछ देर बाद रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।
- अशोकनगर में जिला आपदा प्रबंधन द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रो को विभिन्न आपदाओं के संबंध बताया गया ।
- शाजापुर जिले में नेशनल हाईवे-52 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए यातायात थाना प्रभारी और एनएचआई अधिकारियों ने पनवाड़ी ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया।
- अपराधों की जांच को अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से खंडवा पुलिस द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- >kcqvk esa जनगणना कार्य को सुचारू और असरदार बनाने तथा जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज कलेक्टर ने जनगणना प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब, बोरी बंधान, रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य किए जा रहे हैं।
- सीहोर जिले में आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत शून्य से एक वर्ष के 567 बच्चों का टीकाकरण हुआ।
- आगरमालवा पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने राष्ट्रीय राजमार्ग 552जी सहित जिले के विभिन्न ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया।
- झाबुआ जिले में 18 उपार्जन केंद्रों पर अब तक 4 हजार 537 किसानों से 23 हजार 727 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है।
- नीमच में कलेक्टर कार्यालय परिसर में कल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।
- देवास जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा 20 जून को रवाना होगी और 23 जून को वापस लौटेगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साझा किया रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का लेख, आधुनिक स्टेशनों से पंजाब में खुल रहे तरक्की के नए दरवाजे ।
- प्रधानमंत्री की अपील पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बड़ा कदम, काफिले में गाड़ियां 13 से घटाकर 8 कीं, मंत्रियों को भी निर्देश ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जारी की लाड़ली बहना की 36वीं किश्त, सवा करोड़ बहनों के खातों में पहुंचे 1835 करोड़ रुपए ।
- किसानों को बड़ी राहत, खरीफ 2026-27 के लिए 14 फसलों का MSP बढ़ा, 2 लाख 60 हजार करोड़ का होगा भुगतान ।

-------------------------